# महासागरों एवं महाद्वीपों का वितरण

1. **निम्नलिखित में से किसने सर्वप्रथम यूरोप, अफ्रीका व अमेरिका के साथ जुड़े होने की संभावना व्यक्त की थी?**
(a) अल्फ्रेड वेगनर
(b) अब्राहम ऑर्टेलियस
(c) आर्थर होम्स
(d) एनटोनिया पेलेग्रिनी

2. **महाद्वीपों एवं महासागरों के वितरण से संबंधित 'महाद्वीपीय विस्थापन सिद्धांत' किस वैज्ञानिक के द्वारा प्रतिपादित किया गया?**
(a) अल्फ्रेड वेगनर
(b) अब्राहम ऑर्टेलियस
(c) हैरी हेस
(d) आर्थर होम्स

3. **नीचे दिए गए कथनों पर विचार कीजिए-**
**1. वेगनर के अनुसार, महाद्वीपीय क्रस्ट की उत्पत्ति के समय एक वृहद् 'पैंजिया' (संपूर्ण पृथ्वी) का निर्माण हुआ। इसके चारों तरफ विस्तृत जलीय भाग 'पैंथालासा' (जल ही जल) था, पैंजिया के मध्य में एक उथला एवं संकीर्ण महासागर 'टेथिस सागर' था।**
**2. पैंजिया के विखंडन के फलस्वरूप दक्षिणी भूखंड 'लॉरेशिया' कहलाया।**
**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?**
(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2

4. **महाद्वीपीय विस्थापन के पक्ष में किन प्रमाणों को प्रस्तुत किया जाता है?**
**1. महाद्वीपों की तट रेखा की साम्यता**
**2. महासागरों के पार चट्टानों की आयु में समानता**
**3. प्लेसर निक्षेप (Placer Deposits)**
**4. महासागरों के किनारे ज्वालामुखी क्षेत्र**
(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 2, 3 और 4
(c) केवल 1, 2 और 3
(d) उपर्युक्त सभी

5. **निम्नलिखित में से कौन-सा कथन टिलाइट को परिभाषित करता है?**
(a) ये अवसादी चट्टानें हैं, जो हिमानी निक्षेप से बनती हैं।
(b) ये ज्वालामुखी पदार्थों के अवसादों से निर्मित चट्टानें हैं।
(c) ये समुद्री जलधाराओं के अपरदन से निर्मित स्थलाकृतियाँ हैं।
(d) ये मरुस्थलीय क्षेत्रों में सतह के नीचे पाए जाने वाले समुद्री जीवों के अवशेष हैं।

6. **वेगनर के अनुसार महाद्वीपीय विस्थापन के लिये कौन-सा/से बल उत्तरदायी है/हैं?**
**1. पोलर या ध्रुवीय फ्लीइंग बल**
**2. ज्वारीय बल**
**3. गुरुत्वाकर्षण बल**
**4. मैंटल भाग में संवहन धाराओं के द्वारा उत्पन्न बल**
**कूट:-**
(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 1, 3 और 4
(c) केवल 1
(d) केवल 2, 3 और 4

7. **महाद्वीपों के विस्थापन के संबंध में ऑर्थर होम्स द्वारा प्रस्तुत 'संवहन धारा सिद्धांत' (Convectional Current Theory) के संबंध में नीचे दिये गए कथनों पर विचार कीजिये:**
**1. इस सिद्धांत के तहत पृथ्वी के मैंटल भाग में संवहन-धाराओं के प्रभाव की संभावना व्यक्त की गई।**
**2.इस सिद्धांत के अनुसार महासागरीय नितल की चट्टानों में सामान्य व उत्क्रमण चुबकत्व क्षेत्र की पट्टियाँ पाई जाती है।**
**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?**
(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2

8. **नीचे दिये गए कथनों पर विचार कीजिये:**
**1. समुद्र अधस्तली में जलमग्न पर्वतीय कटकें व गहरी खाइयाँ प्राय: महाद्वीपों के किनारों पर स्थित हैं।**



उत्कर्ष® JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213

**2. महासागरीय चट्टानें, महाद्वीपीय भागों में पाई जाने वाली चट्टानों की अपेक्षा नवीन है।**
**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?**
(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2

**9. नीचे दिये गए युग्मों में से कौन-सा/से सुमेलित है/हैं?**
**1. महाद्वीपीय सीमा - महाद्वीपीय किनारों और गहरे समुद्री बेसिन के बीच का भाग।**
**2. वितलीय मैदान - महाद्वीपों से बहाकर लाये गए अवसाद द्वारा निर्मित।**
**3. मध्य-महासागरीय कटक: प्रवाल भित्तियों से युक्त निम्न प्रकार के द्वीप।**
**कूट:-**
(a) केवल 1
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 3
(d) केवल 1 और 2

**10. 'रिंग ऑफ फायर' किस महासागर की विशेषता है?**
(a) प्रशांत महासागर
(b) हिंद महासागर
(c) अटलांटिक महासागर
(d) आर्कटिक महसागर

**11. सागरीय अधस्तल का विस्तार सिद्धांत (Sea Floor Spreading) की व्याख्या करते हुए हैस ने किस अवधारणा पर विचार नहीं किया?**
(a) मध्य-महासागरीय कटकों के साथ ज्वालामुखी क्रियाएँ
(b) विभिन्न महाद्वीपों में जीवाश्मों का वितरण
(c) मध्य-महासागरीय कटकों के दोनों तरफ की चट्टानों के निर्माण के समय में समानता
(d) गहराई के साथ भूंकप उद्गम केंद्र का विश्लेषण

**12. निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?**
**1.मैकेंजी, पारकर और मॉर्गन ने प्लेट विवर्तनिकी की अवधारणा प्रस्तुत की।**
**2.विवर्तनिकी प्लेट महाद्वीपीय व महासागरीय स्थलमंडलों से मिलकर बना है।**
**3.महासागरीय स्थलमंडल प्लेट की मोटाई, महाद्वीपीय स्थलमंडल प्लेट से अधिक है।**
**कूट:-**
(a) केवल 1
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 2
(d) 1, 2 और 3

**13. प्लेट विवर्तनिकी सिद्धांत के संबंध में नीचे दिये गए कथनों पर विचार कीजिये:**
**1. इस सिद्धांत के अनुसार पृथ्वी का स्थलमंडल सात मुख्य प्लेटों में विभक्त है।**
**2. मुख्य प्लेटें केवल नवीन वलित पर्वतों के द्वारा सीमांकित होती है।**
**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?**
(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2

**14. निम्नलिखित में कौन-सी बड़ी प्लेट (मुख्य प्लेट) नहीं है?**
(a) अंटार्कटिक प्लेट
(b) नज़का प्लेट
(c) यूरेशियाई प्लेट
(d) प्रशांत महासागरीय प्लेट

**15. प्लेट विवर्तनिकी सिद्धांत के अनुसार पृथ्वी के स्थलमंडल को सात मुख्य प्लेटों व कुछ छोटी प्लेटों में विभक्त किया गया है-**
**निम्नलिखित में से कौन-सी छोटी प्लेटों के उदाहरण है?**
**1. कोकोस प्लेट 2. अरेबियन प्लेट**
**3. उत्तर अमेरिकी प्लेट**
**4.फ्यूजी प्लेट**
**कूट:-**
(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 2,3 और 4
(c) केवल 1,3 और 4
(d) केवल 1,2 और 4

**16. प्लेट संचलन के फलस्वरूप बनने वाली प्लेट सीमाओं के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा असत्य है?**



UTKARSH CLASSES उत्कर्ष® JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213

(a) अपसारी सीमा के अंतर्गत प्लेटें एक-दूसरे से विपरीत दिशा में हटती है।
(b) अपसारी सीमा पर नई पर्पटी का निर्माण होता है।
(c) अभिसरण सीमा पर एक प्लेट दूसरी प्लेट के नीचे धँसती है और यहाँ पर भूपर्पटी नष्ट होती है।
(d) रूपांतर सीमा पर नई पर्पटी का निर्माण और नई पर्पटी का विनाश दोनों होता है।

**17. हिमालय पर्व श्रेणियों के साथ भारतीय प्लेट की सीमा किस तरह की प्लेट सीमा है?**
(a) महासागरीय-महाद्वीपीय अभिसरण
(b) अपसारी सीमा
(c) रूपांतर सीमा
(d) महाद्वीपीय-महाद्वीपीय अभिसरण



उत्कर्ष® JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213